हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को रेखांकित करने का दिन है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की बहन -बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर रही हैं और सरकार ने महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तीकरण के लिए ठोस प्रयास किए हैं। उन्होंने देशवासियों से हर कदम पर महिलाओं को सहयोग देने का संकल्प लेने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इस विकास-यात्रा में कोई भी महिला पीछे न छूटे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, जो अपने समर्पण और नेतृत्व से बदलाव लाती हैं। उपराष्ट्रपति ने सभी से महिलाओं के लिए समावेशी, न्यायसंगत और प्रगतिशील भविष्य बनाने के उद्देश्य से मिलकर काम करने का आग्रह किया।

****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की महिलाओं को नमन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने हमेशा विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज उनके सोशल मीडिया पोस्ट का संचालन महिलाएं करेंगी, जो विविध क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बारे में पहले ही उल्लेख किया था।

1.बाइट पीएम

****************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत पर एक दिन का सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रही हैं। सम्मेलन के बाद उच्च स्तरीय परिचर्चा होगी और तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन होगा। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी इस सम्मलेन में भाग ले रही हैं।

*****************************************************************
***********

भारतीय जनता पार्टी की, पंचकूला में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में एक अहम संगठनात्मक बैठक हुई।कल हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता और मंत्री कृष्ण बेदी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।बैठक में 2 मार्च को प्रदेश भर में हुए निकाय चुनाव की समीक्षा की गई और पानीपत नगर निगम के 9 मार्च को होने वाले चुनाव की रणनीति बनाई गई।

बैठक के बाद बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया -

बैठक में पार्टी के और विस्तार पर भी चर्चा की गई और साथ ही विधानसभा सत्र में उठने वाले मुद्दों पर भी व्यापक वार्तालाप हुआ।

*****************************************************************
***********

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह अगले तीन महीने में डुप्लिकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र संख्या से संबंधित दशकों पुराने मुद्दे का समाधान करेगा। आयोग ने कहा कि उसने तकनीकी टीमों और संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया है।

*****************************************************************

**********

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में पंजाब राजभवन में राज्य सैनिक बोर्ड की 34वीं बैठक में शहीदों, भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के परिवारों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों की समीक्षा की गई।बैठक में राज्यपाल ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी पहलों के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए नियमित बैठकें आयोजित करने के महत्व पर जोर दिया। राज्यपाल ने रक्षा सेवा कल्याण विभाग में अधिकारियों की कमी को तत्काल दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया।चर्चा का एक महत्वपूर्ण केंद्र अग्निवीरों का पुनर्वास रहा। राज्यपाल ने अग्नि वीरों को सरकारी नौकरियों में शामिल करने और पंजाब के निजी क्षेत्र में उनके लिए अधिकतम रोजगार के अवसर सृजित करने पर बल दिया।